# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................./सम्ब. अनु./2019

दिनांक :. ...............................................................

*महत्वपूर्ण/समयबद्ध*

सेवा में,

**प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय : महाविद्यालय में मानकानुसार फायर संयत्र स्थापित किये जाने एवं क्रियाशीलता बनाये रखने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण में अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय परिसर में फायर संयत्रों की मानकानुसार स्थापना एवं उनकी क्रियाशीलता की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का कष्ट करें ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। इस सम्बन्ध में चीफ फायर आफीसर, लखनऊ से महाविद्यालय में समुचित अग्निशमन व्यवस्था होने का अद्यतन् प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलम्बतम दिनांक 15.06.2019 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

फायर संयत्रों के अभाव में होने वाली किसी भी दुर्घटना के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : R/812 दिनांक : 30/5/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. जिलाधिकारी, लखनऊ।
4. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय कैम्पस (ओल्ड एवं न्यू कैम्पस) में फायर संयत्रों की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण विभाग, ल0वि0वि0।
6. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ।
7. चीफ फायर आफिसर (मुख्य अग्नि शमन अधिकारी), जवाहर भवन, लखनऊ।
8. उप कुलसचिव (सा0प्र0)।
9. गार्ड फाईल।
10. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई-मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव